RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 07 नवंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 196 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## महाराष्ट्र पंचायत चुनावों में बड़ी जीत पर बोले उप मुख्यमंत्री फडणवीस,

# पंचायत से पार्लियामेंट तक सिर्फ बीजेपी...



**मुंबई :** महाराष्ट्र ग्राम पंचायत चुनावों में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बन उभरी है। पार्टी ने राज्य में सर्वाधिक देर रात 11:30 तक आए नतीजों में सर्वाधिक 723 सीटें जीती हैं। राज्य के चुनावों में बीजेपी ने एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना और एनसीपी के अजित पवार के गुट के साथ मिलकर महायुति गठबंधन ने कुल 2359 में घोषित 2331 सीटों में से 1405 सीटों पर कब्जा जमाया है। ग्राम पंचायत चुनावों में बड़ी जीत के बाद राज्य के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि पंचायत से पार्लियामेंट तक बीजेपी। फडणवीस ने इस जीत का श्रेय केंद्र-राज्य सरकार के काम के साथ पार्टी के कार्यकताओं को दिया है।

**MVA गठबंधन रह गया पीछे**

राज्य के कुल 2359 ग्राम पंचायतों के लिए 74 प्रतिशत मतदान हुआ था। ग्राम पंचायत चुनावों के नतीजों में सत्ताधारी महायुति की बल्ले-बल्ले हुई है। ग्राम पंचायत की सीटों में एनसीपी से अलग हुए अजित पवार के एनसीपी गुट को 412 सीटें मिली हैं। तो वहीं एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना को 263 सीटें मिली हैं। विपक्ष के महाविकास आघाड़ी को 524 सीटें मिली हैं। ग्राम पंचायत चुनावों में जीत दर्ज करने के बाद बीजेपी की अगुवाई वाले महायुति के मोर्चे के नेताओं ने खुशी व्यक्त की। मुंबई बीजेपी कार्यालय ढोल की थाप कार्यकर्ता थिरके और जश्न मनाया।

**महाराष्ट्र ग्राम पंचायत 2023 चुनाव: किसको कितनी सीटें मिलीं**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | बीजेपी | 724 |
| 2. | शिवसेना | 263 |
| 3. | एनसीपी (अजित) | 411 |
| 4. | कांग्रेस | 222 |
| 5. | एनसीपी (शरद) | 187 |
| 6. | शिवसेना (यूबीटी) | 115 |

(नोट : 2359 में घोषित 2331 सीटों में से 349 सीटें अन्य के खाते में गई हैं।)

तो वहीं दूसरी तरफ एनसीपी नेता शरद पवार को अपने गढ़ बारामती में भी भतीजे अजित पवार से पीछे रहना पड़ा है। इन चुनावों में तेलंगाना के सीएम केसीआर की पार्टी ने महाराष्ट्र में जीत हासिल की है। पार्टी को विदर्भ औश्र सोलापुर के क्षेत्रों की 15 ग्राम पंचायत सीटों पर जीत मिली है।

# महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करेंगे कार्यकर्ता जारांगे...

## मराठा समुदाय को करेंगे जागरुक

**छत्रपति संभाजीनगर :** मराठा कोटा कार्यकर्ता मनोज जारांगे ने सोमवार को कहा कि वह मराठों से मिलने और उन्हें समुदाय के लिए आरक्षण के मुद्दे के बारे में जागरूक करने के लिए दिवाली त्योहार के बाद महाराष्ट्र के दौरे पर निकलेंगे। जारांगे ने कहा, ''अभी दौरे को अंतिम रूप नहीं दिया गया है, इसे आज अंतिम रूप दिया जाएगा। मैं महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करूंगा। दौरे के चार चरण होंगे और इसकी शुरूआत विदर्भ क्षेत्र से हो सकती है।'' मालूम हो कि मराठा आरक्षण के लिए आंदोलन के दूसरे चरण के दौरान पिछले महीने भूख हड़ताल पर जाने से पहले कार्यकर्ता ने पश्चिमी महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों का दौरा किया था। जारांगे अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत सरकारी नौकरियों और शिक्षा में मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग कर रहे हैं।



**शांतिपूर्वक जारी रखेंगे अभियान**

इससे पहले, एक ऑडियो क्लिप वायरल हुआ था, जिसमें महाराष्ट्र के मंत्री और राकांपा नेता छगन भुजबल को कथित तौर पर यह कहते हुए सुना गया था, ''यह हमारे (ओबीसी) लिए करो या मरो की स्थिति है और हमें अपनी आवाज उठानी चाहिए।'' क्लिप के बारे में पूछे जाने पर जारांगे ने कहा, ह्यमैं भुजबल के बारे में कुछ नहीं कहने जा रहा हूं। मराठा आरक्षण के लिए हमारी लड़ाई शांतिपूर्वक जारी है और हम लड़ेंगे और जीतेंगे। चाहे कितना भी दबाव बनाया जाए, आंदोलन नहीं रुकेगा।'' कार्यकर्ता ने कहा, ''हम किसी भी आलोचना पर ध्यान नहीं देंगे। हम मराठों का अधिकार मांग रहे हैं।''

**मराठों को जारी होंगे कुनबी जाति प्रमाण पत्र**

**महाराष्ट्र कैबिनेट ने पिछले महीने फैसला किया था कि मराठवाड़ा क्षेत्र के उन मराठों को कुनबी जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे, जिनके पास निजाम युग के राजस्व या शिक्षा दस्तावेज हैं, जो उन्हें कुनबी के रूप में जाने जाते हैं। कृषि से जुड़ा समुदाय कुनबी, महाराष्ट्र में ओबीसी श्रेणी के अंतर्गत आता है, जिन्हें शिक्षा और सरकारी नौकरियों में आरक्षण लाभ मिलता है। पिछले हफ्ते, राज्य सरकार ने एक आदेश जारी किया, जिसमें संबंधित अधिकारियों से पात्र मराठा समुदाय के सदस्यों को नए कुनबी जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए कहा गया। इससे उनके लिए ओबीसी श्रेणी के तहत आरक्षण लाभ प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त हो गया।**

**राज्य सरकार के प्रतिनिधिमंडल करेंगे जारांगे से मुलाकात**


मराठा कोटा मुद्दे को हल करने के लिए एक समयबद्ध कार्यक्रम के साथ राज्य सरकार का एक प्रतिनिधिमंडल जारांगे से मिल सकता है। इस पर एक सवाल के जवाब में, जारांगे ने कहा, ''प्रतिनिधिमंडल आएगा और मुझे सीएमओ से इसके बारे में एक संदेश दिया गया है।

# मुंबई में वायु प्रदूषण की वजह से पटाखे जलाने की समयसीमा तय, निर्माण पर भी रोक... हाईकोर्ट का फैसला

**मुंबई :** प्रकाश पर्व दीपावली से पहले हवा में घुलता जहर चिंता का सबब बनता जा रहा है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में खराब वायु की गुणवत्ता के कारण सांस लेना दूभर होता जा रहा है। हालात की गंभीरता को देखते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने अच्छी वायु गुणवत्ता बनाए रखने के लिए कुछ कड़े फैसले लिए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अदालत ने मुंबई में दिवाली तक सभी निर्माण कार्य बंद करने का आदेश दिया है। साथ ही हाईकोर्ट ने दिवाली के मौके पर मुंबई में पटाखे फोड़ने की समय सीमा भी तय की है।

**12 नवंबर को दिवाली, हाईकोर्ट का आदेश**

दरअसल, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मायानगरी मुंबई लगातार बिगड़ती वायु गुणवत्ता और श्वसन संबंधी बीमारियां बढ़ने के कारण सुर्खियों में है। सोमवार को बंबई उच्च न्यायालय ने इस मुद्दे पर हस्तक्षेप किया। उच्च न्यायालय ने शहर के वायु प्रदूषण के स्तर पर स्वतः संज्ञान लिया। वायु गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से 12 नवंबर को मनाई जाने वाली दिवाली तक मुंबई शहर में सभी निर्माण गतिविधियों को रोकने का निर्देश जारी किया।



हाईकोर्ट ने कहा, ''विकास कार्यों से ज्यादा महत्वपूर्ण लोगों की जान है। अगर कुछ दिनों के लिए निर्माण बंद कर दिया जाए तो आसमान नहीं टूट पड़ेगा।'' अदालत के इस बड़े आदेश पर आई मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हाईकोर्ट के फैसले का उद्देश्य वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाना और मुंबई की वायु गुणवत्ता यानी एयर क्वालिटी इंडेक्स (अदक) में सुधार करना है।

**अदालत ने पटाखे जलाने का समय भी तय किया**

**दीपावली की आतिशबाजी से होने वाले प्रदूषण को लेकर कोर्ट ने कहा, पटाखे केवल शाम 7 और रात 10 बजे के बीच ही फोड़े जाएंगे। इससे वायु प्रदूषण में पटाखों की भूमिका को सीमित किया जा सकेगा। पीठ का नेतृत्व कर रहे मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की, ''हम इसे शुक्रवार तक रोकने का प्रस्ताव करते हैं। देखते हैं कि क्या इससे कोई फर्क पड़ता है। यदि ऐसा होता है, तो हम इसे जारी रखेंगे या फिर पूर्ण अनुपालन की अनुमति देंगे।''**

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### खजाने पर बढ़ेगा बोझ

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए शनिवार को किया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह ऐलान महत्वपूर्ण है कि गरीबों को मुफ्त राशन देने वाली पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना अगले पांच साल तक जारी रहेगी। जैसा कि खुद प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में भी याद दिलाया कि यह योजना कोविड-19 महामारी से उपजे चुनौतीपूर्ण हालात के मद्देनजर शुरू की गई थी। उस वक्त सख्त लॉकडाउन के कारण न केवल बड़ी संख्या में लोगों की आजीविका छिन गई थी बल्कि उनके लिए नया काम ढूंढने या शुरू करने लायक हालात भी नहीं थे। ऐसे में यह संकट खड़ा हो गया था कि करोड़ों लोगों के घर में सुबह शाम चूल्हा कैसे जलेगा और वे अपने परिवार के लिए खाने का बंदोबस्त कैसे करेंगे। जाहिर है, उस स्थिति में दूरगामी नतीजों की चिंता किए बगैर नागरिकों को जीवन रक्षा के साधन मुहैया कराना सरकार के लिए पहली प्राथमिकता हो गई थी। तमाम राजनीतिक दल ही नहीं, इकॉनमिक एक्सपर्ट्स भी तब उस तरह की नीति की वकालत कर रहे थे। हालांकि सीमित रूप में जरूरतमंदों को आसानी से भोजन उपलब्ध कराने की सरकारी योजनाएं पहले भी चल रही थीं कि लेकिन इस योजना की बदौलत लोगों को मिलने वाला राशन दोगुना हो गया था।

इस मायने में योजना को पूरी तरह सफल भी कहा जा सकता है कि कोरोना महामारी की पहली, दूसरी और तीसरी लहरों के बीच भी देश के किसी हिस्से में भुखमरी के हालात बनने की खबरें नहीं आईं। बाद में जैसे-जैसे स्थितियां सुधरीं और कामकाज सामान्य रूप लेने लगा, इस योजना को जारी रखने की जरूरत पर भी सवाल उठने लगे। कहा जाने लगा कि लोगों को मुफ्त अनाज सप्लाई करने के बदले सरकार का जोर अब उन्हें रोजगार के अच्छे मौके उपलब्ध कराने पर होना चाहिए। मगर 2023 की एक जनवरी से इसे फिर एक साल के लिए बढ़ा दिया गया। उस फैसले के मुताबिक इस साल दिसंबर में यह योजना अपने आप समाप्त हो जाने वाली थी। लेकिन प्रधानमंत्री की ताजा घोषणा से तय हो गया कि गरीबों को मुफ्त राशन देने की यह योजना हाल फिलहाल समाप्त होने वाली नहीं है। ध्यान रहे, सरकार के ही मुताबिक इस एक साल के दौरान इस योजना के कारण उसका फूड सब्सिडी खर्च 2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बैठा है। और, पीएम ने यह योजना एक साल के लिए नहीं बल्कि पांच साल के लिए बढ़ाने की घोषणा की है। तो सवाल उठता है कि जब कोविड-19 महामारी समाप्त हो चुकी है, इकॉनमी उस चुनौती से उबर चुकी है और देश विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ने लगा है तब भी देश की करीब 60 फीसदी आबादी को अगर मुफ्त भोजन देने की जरूरत पड़ रही है तो क्या इसे सरकारी नीतियों की सही दिशा का संकेत माना जा सकता है ?

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# लाईट चोरी का विरोध करने वाली महिला पत्रकार के परिवार पर जानलेवा हमला

## आक्रोशित लाईट चोर गुंडे इमरान तोतला ने सोसायटी मीटर केबिन में की तोड़ा फोड , अधेरो में डूबे घर

**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)** लाईट चोरी का विरोध करना एक महिला महिला पत्रकार को काफी भारी पड़ गया है । आक्रोशित लाईट बिजली चोरी करने वाली गैंग के सदस्यों ने इमरान तोतला के नेतृत मे पीड़ित महिला पत्रकार के परिवार पर कहर भरपाया। लाइट चोर इमरान तोतला, तिवारी उर्फ. अल्ताफ, गुडू, सद्दाम ने बताते है की पीड़ित महिला पत्रकार के परिवार पर जानलेवा हमला बोल दिया । इमरान लाइट चोर गुंडों दोस्तों के साथ मिलकर टाइम्स लाइव की महिला पत्रकार हीना खान, और उनके लड़के अलीम खान को सारे रहा गुंडों ने डंडो से जमकर पिटा ।इतना ही नही आक्रोशित गुंडों ने बगैनवाडी आदर्श नगर कच्चा रोड रहेमनिया होटल गेट के सामने



प्लॉट नंबर 30 की गुंडों मीटर कैबिन की लाइट पूरी तरह से काट दिया। परिणाम स्वरूप पूरी चाली के नागरिक के घर अंधेरे मे डूब गये है । पीड़ित महिला पत्रकार हीना खान ने आपने ऊपर टूटे कहर की दास्तां मीडिया से साझा करते हुए कहा की मुझे तो गुंडों ने डंडो से मारा है पर मेरे लड़के को घर के पास से उठाकर ले जाकर सड़क पर बड़ी बेरहमी से मारा है । मेरे बच्चे को एकसाथ दस से पंद्राह लोगों ने मिलकर मारा है उसके शरीर मे अंधरुनी मार लगी है। कल भविष्य मे अगर मेरे बड़े लड़के को कुछ होता है तो उसके जिम्मेदार यही लाईट चोर इमरान तोतला के गुंडे दोस्त होंगे। वहीं इस संबंध मे पीड़ित महिला पत्रकार हीना खान की शिवाजीनगर पोलिस स्टेशन मे तीन गुंडों के विरुद्ध मार पिट का मामला दर्ज करवाया है। वहीं मुंबई के विभिन्न पत्रकार संगठनो ने पत्रकारों के ऊपर हो रहे जानलेवा हमले को लेकर उनके परिवारों को लेकर सुरक्षा की मांग उठाई है । पीड़ित महिला पत्रकार ने कहा की बिजली चोर नशेड़ी किस्म आपराधिक प्रवृत्ती के इमरान तोतला गैंग के गुंडों से मेरी जान को खातरा है। राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार से अपनी और अपनी परिवार की सुरक्षा की माँग की है । दूसरी तरफ गुंडों की दहशत के कारण पूरी चाली के नागरिक उनके कहर गुंडई का विरोध करने से डरती है । ऐसी जानकारी चाली के दो पड़ोसी इरफान खान और सुरेश नवले ने पीड़ित महिला पत्रकार के समर्थन मे पोलिस ठाणे आये थे।

# भिवंडी की शहरी विकास योजना जनता तक पहुंचने के बाद ही साबित होगी मददगार

## सरकार से सुझाव एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने की तिथि बढ़ाने की रईस शेख ने की मांग...

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी** : महाराष्ट्र राज्य में प्रसिद्ध पावरलूम की नगरी भिवंडी शहर में विकास योजना से संबंधित सुझाव और आपत्तियां प्रस्तुत करने की तिथि 10 नवंबर को समाप्त हो रही है जिसके मद्देनजर समाजवादी पार्टी विधायक रईस शेख ने महाराष्ट्र सरकार से विकास योजना को लेकर सुझाव एवं आपत्तियां दर्ज कराने की तारीख को बढ़ाने की मांग की है ताकि भविष्य में योजनाबद्ध तरीके से भिवंडी शहर का विकास व्यवस्थित रूप से किया जा सके ।

भिवंडी पूर्व से सपा विधायक रईस शेख ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पत्र के माध्यम से बताया है कि महाराष्ट्र और क्षेत्रीय नगर नियोजन अधिनियम की धारा 26 के तहत भिवंडी के लोगों से सुझाव और आपत्तियां मांगने के लिए भिवंडी शहर के नई विकास योजना



( डी पी प्लान) का ब्ल्यू प्रिंट 12 अक्टूबर 2023 को प्रकाशित किया गया था , जिसके अनुसार जनता को एक महीने की अवधि के भीतर भिवंडी शहर के भविष्य के विकास के लिए सुझाव और आपत्तियां प्रस्तुत करनी हैं। लेकिन यह देखा जा रहा है कि भिवंडी की विकास योजना अभी तक पूरी तरह लोगों तक नही पहुंच सकी है । विधायक रईस शेख ने अपने पत्र में आगे बताया है कि एक ओर जहां विकास योजना का प्रारूप लोगों तक पूरी तरह से नहीं पहुंच सका है तो दूसरी तरफ भिवंडी पावरलूम मजदूरों का शहर है जो अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए दिन-रात काम करते हैं जिसके कारण कम जागरूकता होने से यह अवधि उनके लिए अपर्याप्त है।

विधायक शेख ने सरकार से अनुरोध करते हुए एमआरटीपी अधिनियम,1966 की धारा 154 के तहत विकास योजना के संबंध में सुझाव और आपत्तियां प्रस्तुत करने की तारीख बढ़ाने के लिए निर्देश देने की मांग की हैं।

विधायक रईस शेख ने कहा कि एमआरटीपी अधिनियम की धारा 154 के तहत महाराष्ट्र सरकार के पास विकास योजना की तारीख को बढ़ाने का अधिकार है इसलिए सरकार को इस संबंध में भिवंडी निजामपुरा शहर महानगर पालिका को निर्देश जारी करना चाहिए ताकि भिवंडी शहर में अधिक से अधिक लोगों को विकास के लिए बनाई जा रही विकास योजना में शामिल किया जा सके तभी विकास योजना के मुताबिक भविष्य में शहर का व्यवस्थित और योजनाबद्ध तरीके से विकास होगा और इस समय शहर के विकास के लिए एकत्र किए गए सुझाव और आपत्तियां शहर के विकास के लिए बहुत मददगार और उपयोगी होंगी ।




# भिवंडी मनपा आयुक्त ने किया पत्रकारों का अपमान, पत्रकार कक्ष में लगवाया ताला

# भिवंडी के पत्रकारों ने किया मनपा आयुक्त का निषेध

## मनपा प्रशासन पत्रकारों से नहीं खेले आंख मिचौली - पत्रकार गनी खान

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** भिवंडी मनपा प्रशासक, आयुक्त अजय वैद्य जब से भिवंडी मनपा का कार्यभार संभाला है तब से वह कोई न कोई विवादित निर्णय लेकर चर्चा के साथ-साथ अखबारों की सुर्खियों में बने रहे हैं। इस बार भी मनपा आयुक्त ने पत्रकारों को प्रशासन से दूर करने का एक ऐसा फरमान जारी किया जिससे भिवंडी के पत्रकार स्तब्ध और आक्रोशित हो गए। भिवंडी मनपा आयुक्त ने बिना किसी सलाह मुसबरा के मनमानी करते हुए एक तुगलकी फरमान जारी कर भिवंडी मनपा मुख्यालय में बने पत्रकार कक्ष में ताला लगवा दिया। जिसका भिवंडी के पत्रकारों ने एक स्वर में कड़ा विरोध करते हुए आयुक्त का निषेध किया। इस संदर्भ में महाराष्ट्र पत्रकार संघ के अध्यक्ष गनी खान में कहा कि पत्रकारों की ताकत को नजर अंदाज कर पत्रकारों पर एक तरह से अपनी दोस्त जमाना चाहते हैं उन्होंने कहा कि मैं मनपा प्रशासन या उसके हालात अधिकारी को मशवरा देना चाहता हूं कि मनपा प्रशासन पत्रकारों से ना उलझे तो बेहतर होगा। मनपा आयुक्त की उक्त कार्रवाई से नाराज पत्रकारों का एक सिस्ट मंडल ने भिवंडी प्रांत अधिकारी को मिलकर एक लिखित ज्ञापन सौंपते हुए मनपा आयुक्त के फरमान का कड़ा विरोध किया है पत्रकार यूनियन से जुड़े लोगों ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि उन्हें धोखा दायक बिल्डिंग में पत्रकार कक्ष में जाने को मजबूर किया तो वह धरना प्रदर्शन करेंगे।



गौरतलब हो कि बिना किसी सूचना के भिवंडी मनपा मुख्यालय स्थित पत्रकार कक्ष में ताला जोड़ने का आदेश जारी कर दिया जो शार्ट में नोटिस मनपा मुख्यालय के पत्रकार कक्ष के दरवाजे पर लगाई गई है उसमें यह बताया गया है कि प्रशासनिक कारणों से मनपा मुख्यालय स्थित पत्रकार कक्ष को मनपा की पुरानी इमारत में स्थानांतरण किया जा रहा है। हालांकि तकनीकी तौर पर उस नोटिस पर किसी अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं है। सोमवार सुबह इस बात की जानकारी मिलते ही पत्रकारों ने मनपा प्रशासन का तुगलकी फरमान करार देते हुए निर्णय का निषेध किया है। मनपा प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, मनपा मुख्यालय की इमारत में अधिकारियों को बैठने के लिए पर्याप्त जगह की कमी है। प्रशासन को प्रशासकीय कामकाज चलाए जाने में कठिनाई झेलनी पड़ रही है। मनपा प्रशासक, आयुक्त अजय वैद्य के संज्ञान में मामला आने पर उन्होंने जनसंपर्क अधिकारी मिलिंद पलसुले से चर्चा कर मनपा मुख्यालय बिल्डिंग स्थित पत्रकार कक्ष को मनपा की पुरानी इमारत स्थित तल मंजिल पर स्थानांतरण का निर्देश दिया था। मनपा प्रशासन के निर्देश पर जनसंपर्क अधिकारी मिलिंद पलसुले ने सोमवार 11 बजे मुख्यालय इमारत स्थित पत्रकार कक्ष को पुरानी इमारत में स्थानांतरण का नोटिस चिपका कर ताला बंद कर दिया है। उक्त संदर्भ में जनसंपर्क अधिकारी पलसुले ने बताया कि, मनपा विभागीय कामकाज के लिए पर्याप्त जगह नहीं होने की की वजह से प्रशासन को मजबूरी वश यह कदम उठाना पड़ा है। भिवंडी मनपा में पत्रकार कक्ष बंद नहीं किया गया बल्कि पुरानी इमारत में स्थानांतरण किया गया है। बता दें कि जिस मनपा मुख्यालय की पुरानी बिल्डिंग में पत्रकार कक्ष को ले जाने की कोशिश की जा रही है वह पहले से ही धोखाधायक घोषित की जा चुकी है इससे पहले उसमें निजामपुर पुलिस स्टेशन का कामकाज होता था जो टूटी फूटी अवस्था में पड़ा हुआ है कुछ वरिष्ठ पत्रकारों का मानना है कि मनपा आयुक्त कुछ दलालों और चापलूसों के कहने पर कार्य कर रहे हैं और उन्हीं के इशारे पर पत्रकारों को मनपा में इस समय जो गतिविधियां और कामकाज हो रहा है उसकी जानकारी न होने देने के लिए यहां से पत्रकार कक्ष हटाया जा रहा है। अब कुछ लोग इसका ठीकरा मनपा के जनसंपर्क अधिकारी के सर फोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

---

## 25 साल पुराना प्रेम प्रसंग बना झगड़े का कारण... महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या महानगर नेटवर्क



**वसई :** विवाह संबंध और संदेह हमेशा सुखी जीवन में बाधक होते हैं। ऐसे ही शक का शिकार हुई वसई की एक महिला, 25 साल पहले हुए प्रेम प्रसंग के कारण घरेलू कलह से तंग आकर उसने आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार, वसई पश्चिम के निर्मल निवासी शाम जयसवाल (42) की शादी 25 साल पहले बबीता (40) से हुई थी। उनके दो बच्चे हैं, लेकिन शादी से पहले पति शाम को बबीता के प्रेम प्रसंग की जानकारी मिल गई। इस पुराने प्रेम संबंध के कारण उनके पति श्याम जयसवाल लगातार परेशान रहते थे और हमेशा झगड़ा करते थे। इसी झगड़े के चलते बबीता ने शनिवार शाम अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इससे पहले भी उसने दो बार फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी।

---

## महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करेंगे कार्यकर्ता जारांगे...

## मराठा समुदाय को करेंगे जागरुक

**छत्रपति संभाजीनगरः** मराठा कोटा कार्यकर्ता मनोज जारांगे ने सोमवार को कहा कि वह मराठों से मिलने और उन्हें समुदाय के लिए आरक्षण के मुद्दे के बारे में जागरूक करने के लिए दिवाली त्योहार के बाद महाराष्ट्र के दौरे पर निकलेंगे। जारांगे ने कहा, ''अभी दौरे को अंतिम रूप नहीं दिया गया है, इसे आज अंतिम रूप दिया जाएगा। मैं महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करूंगा। दौरे के चार चरण होंगे और इसकी शुरूआत विदर्भ क्षेत्र से हो सकती है।'' मालूम हो कि मराठा आरक्षण के लिए आंदोलन के दूसरे चरण के दौरान पिछले महीने भूख हड़ताल पर जाने से पहले कार्यकर्ता ने पश्चिमी महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों का दौरा किया था। जारांगे अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत सरकारी नौकरियों और शिक्षा में मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग कर रहे हैं।

**शांतिपूर्वक जारी रखेंगे अभियान**

इससे पहले, एक ऑडियो क्लिप वायरल हुआ था, जिसमें महाराष्ट्र के मंत्री और राकांपा नेता छगन भुजबल को कथित तौर पर यह कहते हुए सुना गया था, ''यह हमारे (ओबीसी) लिए करो या मरो की स्थिति है और हमें अपनी आवाज उठानी चाहिए।'' क्लिप के बारे में पूछे जाने पर जारांगे ने कहा, 'मैं भुजबल के बारे में कुछ



नहीं कहने जा रहा हूं। मराठा आरक्षण के लिए हमारी लड़ाई शांतिपूर्वक जारी है और हम लड़ेंगे और जीतेंगे। चाहे कितना भी दबाव बनाया जाए, आंदोलन नहीं रुकेगा।'' कार्यकर्ता ने कहा, ''हम किसी भी आलोचना पर ध्यान नहीं देंगे। हम मराठों का अधिकार मांग रहे हैं।''

**राज्य सरकार के प्रतिनिधिमंडल करेंगे जारांगे से मुलाकात**

मराठा कोटा मुद्दे को हल करने के लिए एक समयबद्ध कार्यक्रम के साथ राज्य सरकार का एक प्रतिनिधिमंडल जारांगे से मिल सकता है। इस पर एक सवाल के जवाब में, जारांगे ने कहा, ''प्रतिनिधिमंडल आएगा और मुझे सीएमओ से इसके बारे में एक संदेश दिया गया है। अगर वे चाहते हैं, तो मैं उनके लिए कोटा मुद्दे के समयबद्ध समाधान के लिए शर्तें एक कागज पर लिख दूंगा। उन्हें बस यहां आकर हस्ताक्षर करना होगा।''

**मराठों को जारी होंगे कुनबी जाति प्रमाण पत्र**

महाराष्ट्र कैबिनेट ने पिछले महीने फैसला किया था कि मराठवाड़ा क्षेत्र के उन मराठों को कुनबी जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे, जिनके पास निजाम युग के राजस्व या शिक्षा दस्तावेज हैं, जो उन्हें कुनबी के रूप में जाने जाते हैं। कृषि से जुड़ा समुदाय कुनबी, महाराष्ट्र में ओबीसी श्रेणी के अंतर्गत आता है, जिन्हें शिक्षा और सरकारी नौकरियों में आरक्षण लाभ मिलता है। पिछले हफ्ते, राज्य सरकार ने एक आदेश जारी किया, जिसमें संबंधित अधिकारियों से पात्र मराठा समुदाय के सदस्यों को नए कुनबी जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए कहा गया। इससे उनके लिए ओबीसी श्रेणी के तहत आरक्षण लाभ प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त हो गया।

---

## मुंबई पुलिस ने ड्रग तस्कर को किया गिरफ्तार,

## 2 करोड़ रुपये से अधिक की उच्च गुणवत्ता वाली चरस बरामद



**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने महाराष्ट्र के मस्जिद बंदर इलाके से एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 2 करोड़ 40 लाख रुपये की उच्च गुणवत्ता वाली चरस ड्रग्स बरामद की है। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान 48 साल के हुसैन अब्दुल्ला शिरगांवकर के रूप में हुई है। वह ठाणे का रहने वाला है।

**अदालत ने आरोपी को पुलिस हिरासत में भेजा**

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट, 1985 के तहत मामला दर्ज किया गया है और इस मामले में जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसको अदालत में पेश किया गया। अदालत ने आरोपी को आठ नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया।

---

## एपीएमसी के कारोबारी ने महिला किसान से की 5.7 लाख रुपये की धोखाधड़ी

**ठाणे :** नवी मुंबई में कृषि उपज बाजार समिति के एक कारोबारी ने पुणे में स्ट्रॉबेरी की खेती करने वाली 39 वर्षीय महिला के साथ कथित तौर पर 5.7 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। नवी मुंबई के वाशी में रहने वाले आरोपी ने स्ट्रॉबेरी किसान से संपर्क कर उधार में फल की आपूर्ति करने की मांग की थी। आरोपी के साथ पहली बार व्यापार करने के कारण महिला ने अपने एक रिश्तेदार से यह पता लगाने के लिए भी कहा था कि क्या आरोपी सही में वाशी एपीएमसी का व्यापारी है। एपीएमसी पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि महिला ने जांच-पड़ताल कराने के बाद आरोपी कारोबारी को नवंबर 2022 से फरवरी 2023 तक 5.7 लाख रुपये के फलों की आपूर्ति की। उन्होंने बताया कि आरोपी को कई बार माल के भुगतान के लिए कहा गया लेकिन उसने पैसे नहीं दिए। इसके बाद महिला ने पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शनिवार को व्यापारी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) का मामला दर्ज किया।




# देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में रोड शो करेंगे CM धामी...

## उद्योग समूहों के साथ बैठक में लेंगे हिस्सा...

**नई दिल्लीः** उत्तराखण्ड में आगामी 8-9 दिसंबर को आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट हेतु मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को मुंबई रोड शो में प्रतिभाग करेंगे. इस दौरान मुख्यमंत्री देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में विभिन्न उद्योग समूहों से उत्तराखण्ड में निवेश को लेकर बैठक करेंगे. प्रदेश सरकार 4 अंतर्राष्ट्रीय रोड शो समेत कुल 8 रोड शोक आयोजित कर चुकी है जिसमें र-94 हजार करोड़ से अधिक के निवेश करार हो चुके हैं. प्रदेश सरकार का प्रयास है कि प्रदेश में आगामी दिसम्बर माह से पहले अधिकत एमओयू को धरातल पर उतारने का कार्य शुरू कर दिया जाए. इसके लिए मुख्यमंत्री धामी के निदेशों पर उच्चस्तरीय अधिकारीयों की तैनाती की गई है.



अब तक प्रदेश सरकार द्वारा जिन निवेशकों से इन्वेंस्टमेंट एमओयू साइन किए गए हैं उनमें प्रमुखतः टूरिज्म हास्पिटैलिटी सेक्टर, आयुष वेलनेस सेक्टर, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, फार्मा सेक्टर, फूड प्रोसेसिंग, रियल एस्टेट-इंफ्रा, पंप्ड स्टोरेज सेक्टर, ग्रीन एंड रिन्यूएबल एनर्जी एवं ओटोमोबिल सेक्टर शामिल हैं. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में अब तक देश से बाहर लंदन, बर्मिंघम, अबुधाबी, दुबई में 4 इंटरनेशनल रोड शो हो चुके हैं जबकि देशभर में प्रदेश सरकार दिल्ली, चेन्नई, बेंगलुरु, अहमदाबाद में रोड शो कर चुकी है. बीते 14 सितंबर और 4 अक्टूबर को धामी सरकार दिल्ली में र-26575 करोड़, 26 और 27 सितंबर को ब्रिटेन में र-12500 करोड़, 17 और 18 अक्टूबर को यूएई में र-15475 करोड़ के निवेश का करार कर चुकी है. इसके अलावा 26 अक्टूबर को चेन्नई में र-10150 करोड़, 28 अक्टूबर को बेंगलुरु में र-4600 करोड़ और 1 नवंबर को अहमदाबाद में र-24000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव का करार हुआ है. मुख्यमंत्री धामी का प्रदेश में ग्रीन इकोनॉमी पर विशेष फोकस है. मुख्यमंत्री धामी अपनी नीति को पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं.

## ...तो आयुर्वेद से हो सकेगा कैंसर का इलाज!

# मुंबई में टाटा इंस्टिट्यूट का बन रहा अस्पताल...

**मुंबईः** कैंसर के मरीजों को आगामी कुछ वर्षों में उपचार का दूसरा विकल्प मिल सकता है। आयुर्वेद से कैंसर के ट्रीटमेंट को लेकर टाटा मेमोरियल अस्पताल खोपोली में रिसर्च सेंटर बना रहा है। यह देश का पहला अस्पताल होगा, जहां आयुर्वेद की मदद से कैंसर का उपचार किया जाएगा। कैंसर पर रिसर्च भी होंगे। लगभग 21 एकड़ जमीन पर 100 बेड की क्षमता वाला अस्पताल वर्ष 2026 तक तैयार हो जाएगा। रिसर्च सेंटर में कैंसर का कारगर इलाज करने वाली आयुर्वेद दवाइयों को डिस्कवर किया जाएगा। यहां आयुर्वेद की मदद से रिसर्च और ट्रीटमेंट पर ही फोकस रहेगा। कैंसर मरीजों का उपचार एलोपैथी से किया जा रहा है। मरीजों के पास इस गंभीर



बीमारी के उपचार के लिए यही एक मात्र विकल्प है। टाटा अस्पताल के कैंसर विभाग (हेड ऐंड नेक) के प्रमुख डॉ. पंकज चतुर्वेदी ने बताया कि एलोपैथी ट्रीटमेंट काफी खचीर्ला है। आउट ऑफ पॉकेट एक्सपेंडिचर है। साथ ही कई साइड इफेक्ट्स भी होते हैं। ट्रीटमेंट दौरान कुछ मरीजों की स्थिति ऐसी हो जाती है कि वे मुंह से खाना भी नहीं खा पाते।इलाज के दौरान वे काफी कमजोर हो जाते हैं।

**मेडिसिनल प्लांट्स व हर्ब्स पर जारी है रिसर्च**

उन्होंने बताया कि कैंसर का आज भी कोई कारगर उपचार संभव नहीं है। इसलिए ऐसी दवाइयों को डिस्कवर करने पर काम हो रहा है, जो मौजूदा इलाज को बेहतर बना सके और कैंसर रोगियों पर वह असरदार हो। एक बार कैंसर की चपेट में आने से मरीज को उसका साइड इफेक्ट जिंदगी भर सहना पड़ता है।इतना ही नहीं, यह बीमारी दोबारा होने की संभावना भी होती है। इसलिए ऐसी दवा के निर्माण पर जोर दिया जा रहा है, जो ट्रीटमेंट खत्म होने के बाद भी मरीज की इम्यूनिटी को बढ़ा सके। हम मेडिसिनल प्लांट्स व हर्ब्स की मदद से ऐसी दवाइयों की खोज कर रहे हैं, जो मरीजों का कारगर तरीके से इलाज करने में सक्षम हो।

## मध्यवर्ती अपराध जांच शाखा की गिरफ्त में आया शातिर मोबाइल स्नैचर



**वसई :** जबरन लूटपाट करने के मामले में मध्यवर्ती अपराध जांच शाखा की टीम ने एक २१ वर्षीय शातिर मोबाइल स्नैचर को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है। इनके पास स्व ५६ हजार से अधिक का माल जप्त किया है। तथा ७ अपराधों का खुलासा भी हुआ है। यह कार्रवाई क्राइम डीसीपी अविनाश अंबुरे व एसीपी अमोल मांडवे के मार्गदर्शन में मध्यवर्ती अपराध जांच शाखा के पी. आई. राहुल राख के नेतृत्व में स.पो. नि. दत्तात्रय सरक, स.पो.उनि.श्रीमंत जेधे व संतोष चव्हाण की टीम ने की है। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता जितेंद्र कांतीलाल कंटालिया (४२), निवासी-रिषभ दर्शन अपार्टमेंन्ट, एम. बी.इस्टेट, विरार पश्चिम में रहता है। जितेंद्र के साथ मोटरसाइकिल सवार दो लुटेरों ने जबरन मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए थे। इस मामले में शिकायतकर्ता ने विरार थाने में अज्ञात लुटेरों के खिलाफ केस दर्ज करवाया था।

# 'लाइव पोर्न शो' प्रसारित करने के आरोप में मुंबई पुलिस ने दो महिलाओं को किया गिरफ्तार

**मुंबईः** मोबाइल ऐप के जरिए 'लाइव पोर्न शो' प्रसारित करने में कथित संलिप्तता के आरोप में मुंबई पुलिस ने दो महिलाओं सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में ऐप के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर किया है। वसोर्वा पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया है कि, उन्हें गूगल प्ले स्टोर पर 'पीहू ऑफिशियल ऐप' नाम के एक मोबाइल एप्लिकेशन के बारे में इनपुट मिला था कि इस पर लाइव सेक्स प्रसारण किया जाता है और इसके लिए लोगों से 1,000 से 10,000 रुपये तक का शुल्क लिया जा रहा है।

**मुंबई पुलिस ने कुल तीन लोगों को किया गिरफ्तार**

सूचना मिलने के बाद, वसोर्वा पुलिस ने रविवार (5 नवंबर) को मामले के सिलसिले में वसोर्वा के फोर बंगला की एक इमारत में एक फ्लैट पर छापा मारा। छापेमारी में मुंबई पुलिस ने कुल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें 20 वर्षीय तनीषा राजेश कनौजिया, 27 वर्षीय रुद्र नारायण राउत और 34 वर्षीय तमन्ना आरिफ खान का नाम शामिल है। इन सभी को ऐप के संचालन में कथित



संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी के हवाले से, इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि गिरफ्तार किए गए तीन लोगों पर भारतीय दंड संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत अश्लील हरकतें करने, युवाओं को अश्लील सामग्री बेचने और अश्लीलता में लिप्त होने का आरोप लगाया गया है।

## नवी मुंबई में 96 लाख रुपये की धोखाधड़ी, 5 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज




**ठाणे :** महाराष्ट्र में नवी मुंबई के 55 वर्षीय एक व्यक्ति से कथित तौर पर 96 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि आरोपियों ने पीड़ित को शानदार लाभ के लिए शेयर बाजार में निवेश करने का लालच दिया था। आरोपियों ने नेरुल के रहने वाले पीड़ित से 12-30 अगस्त के बीच विभिन्न मौकों पर संपर्क कर उन्हें शेयरों में निवेश करने के लिए कहा था। साइबर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि पीड़ित ने 96,72,100 रुपये का निवेश कर दिया लेकिन जब उसने मुनाफे की मांग की तो आरोपियों ने अस्पष्ट जवाब दिए। अधिकारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने शनिवार को पांचों आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 34 (साझा मंशा) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है।

# वसई में बकाया टैक्स नहीं दिए तो होगी कार्रवाई

**वसई :** पिछले कई माह से वसई विरार शहर महानगर पालिका द्वारा मनपा के विभिन्न प्रभागो में बकाया घरपट्टी (आवास ) टैक्स वसूल करने में जुटी है। बताया गया है मनपा के सभी प्रभागो में बड़े पैमाने में घरपट्टी टैक्स की राशि बकाया है। यहां तक जिनका घरपट्टी राशि बकाया है,उनपर मनपा के प्रभाग के घरपट्टी विभाग द्वारा बुलडोजर चलाकर तोड़ू कार्रवाई कर उनसे वसूली कर रहे है।मनपा की माने तो सिर्फ कमर्शियल गाले तोड़े जा रहे है, उसी इसी क्रम में वसई विरार शहर महानगरपालिका प्रभाग 'ब' अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रो में घरपट्टी विभाग द्वारा बकाया टैक्स वसूली करने में जुट गई है। प्रभाग 'ब' ने अबतक लगभग ५० से अधिक गाल ा व रूम सील कर चुका है। ३ नवंबर को उपरोक्त प्रभाग ने ८ गालो पर तोड़क कार्रवाई की है,जिनका घरपट्टी टैक्स बकाया था। अबतक कुल २० गालों पर तोड़क कार्रवाई हो चुकी है। इसी क्रम में प्रभाग 'ए' अंतर्गत मनीषा दीपक पाटिल, वटार का बिलसारी प्लांट ३७७८५१ रुपये घरपट्टी टैक्स बकाया के कारण सील कर दिया गया, वही पीस ऑफ नेचर रिजॉर्ट, नवापुर से बकाया घरपट्टी टैक्स वसूला गया। कार्रवाई के अवसर पर उपायुक्त अजीत मुठे,प्र.सहायक आयुक्त शशिकांत




पाटिल,अधीक्षक दिलीप पाटिल, लॉयसन रेमिडीयस, गोवींद माल वी, भरत पाटील,रमेश खाचे, अरूण पाटील, ज्ञानेश्वर बैती व एमएसएफ कर्मचारी, प्रभाग 'ब', उपायुक्त सदानन्द पूरव,प्र. सहायक आयुक्त सुरेश पाटिल, कर अधीक्षक हरिश्वर तुमड़ा व वरिष्ठ लिपिक राजेन्द्र पाटिल आदि कर्मचारी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि,इसी तरह से अलग-अलग मनपा प्रभागो में कार्रवाई करते हुए बकाया घरपट्टी टैक्स वसूला जा रहा है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८१ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com